THE

PARLIAMENTARY DEBATES

OFFICIAL REPORT

In the hundred and seventeenth session of the Rajya Sabha

*Commencing on the 16th February, 1981|the 27 Magha, 1902 (Saka)*

# RAJYA SABHA

*Monday, the 16th February, 1981/the 27 Magha, 1902 (Saka).*

The House met at thirty-five minutes past twelve of the clock, **Mr. Chairman** in the Chair.

## PRESIDENT'S ADDRESS

MR. CHAIRMAN: The Secretary-General.

SECRETARY-GENERAL: Sir, I beg to lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the President's address to both the Houses of Parliament assembled together on the 16th February, 1981.

[*Text of the President's Address in English*]

Honourable Members,

It gives me great pleasure to welcome you to this session of Parliament, the first in the year 1981. You have a heavy and important schedule of business ahead of you. Let me extend my best wishes for the successful completion of your budgetary and legislative business.

In the thirteen months since assuming office, Government have gone ahead with speed and determination to repair the damage caused to the national economy by three years of drift and lack of direction. Anti-inflationary policies were vigorously pursued. The focus of these policies was the augmentation of domestic supplies through higher production, better capacity utilisation, improved performance of infrastructure, imports of essential commodities and curbing of anti-social activities which affect domestic supplies. The public distribution sytem was strengthened and adequate supplies of essential commodities were ensured. Selective monetary and credit policy brought monetary expansion under control. The result has been a significant slowing down of the inflationary rate from 23 per cent to 15 per cent.

The unprecedented drought of 1979-80 created a very difficult situation. To avert its disastrous consequences, the Central and State Governments mounted a massive relief operation, This included the supply of foodgrains, provision of drinking water and vigorous implementation of the food for work programme. It goes to the credit of all concerned that such a gigantic task was successfully accomplished.

In 1979-80 production of foodgrains went down by as much as 23 million tonnes. Production of sugarcane and oilseeds also declined. This Government devoted greater attention to agricultural production programmes in 1980-81. Fertilizers, pesticides and improved seeds were made available. Irrigation facilities were augmented.

These measures helped ensure substantial increases in production of *kharif* crops like cotton, jute and sugarcane. The production of nearly 79.5 million tonnes of foodgrains during *kharif* was an all-time record. Prospects of the current wheat crop are promising.

Other sectors of the domestic economy are also showing clear signs of recovery. The upturn in industrial activity, which started in June-July, 1980, gathered momentum in the second half of the fiscal year. As against a 0.1 per cent drop in production in June, 1980 over June, 1979, there was an increase of 10 per cent in January, 1981 over January, 1980. Significant gains have been registered in the production of key commodities. Power generation is expected to rise by 6 per cent. Coal production is already about 8 per cent higher than the level achieved during the corresponding period of the last year. Railways are now operating at a higher level of efficiency and are speeding up the movement of essential commodities. National income is anticipated to increase by about 6.5 per cent during 1980-81.

Our economy cannot be insulated from the impact of external inflationary pressures. The balance of payments position continues to cause concern. The full impact of the sharp increase in oil prices since 1979 has been felt only during 1980-81. Because of this and other price increases affecting the country's essential imports, total imports registered a sharp rise from Rs. 6800 crores in 1978-79 to Rs. 8500 crores in 1979-80 and will exceed Rs. 11,000 crores in 1980-81. The trade deficit in 1980-81 is thus likely to increase considerably.

Government are taking steps to increase exports and achieve import substitution to the maximum extent possible. Measures taken to augment production for exports include permitting export production in excess of capacity, favourable treatment for the import of technology for such production and incentives to cent per cent export-oriented units. Government have decided to set up an Export and Import Bank to help improve credit availability for exports.

The climate for industrial investment and growth has been improved. Investment limits for small scale and ancillary industries have been raised, this facility of automatic growth extended to more industries, and licensing and approval procedures streamlined. Other steps include maximisation of production and employment generation, correction of regional imbalances, strengthening of agro-based industries, and faster development of export-oriented and import substitution industries. A new strategy for backward area development has also been evolved.

Six more banks were nationalised and the banking system was required to actively provide financial support to the implementation of the 20-Point Programme which has been activated specifically for the uplift of the weaker sections.

Government are firmly committed to safeguarding the interests of farmers. Prices of foodgrains, sugarcane, pulses, cotton, oilseeds and other commodities have been raised. Marketing support in the post-harvest period was ensured through procurement operations.

The policies of decontrol adopted by the previous government led to drastic reduction in the production of sugarcane and sugar. As a remedy Government enhanced the cane prices payable to farmers, provided incentives to new factories and expansion projects, rationalised the pricing formula with due regard to the needs of the weaker units and constituted a development fund. As a result of the various steps taken sugar production in the year 1980-81 increased substantially.

A major area of concern has been the inadequate growth of oilseeds production. Apart from intensification of oilseeds production in about 100 selected districts of the country, two specific projects have been approved for execution during 1981-82 relating to soyabean and groundnut development. A major effort is also being made to expand summer irrigated groundnut in the command of selected irrigation projects. Various other measures to improve oilseeds production will also be taken.

The economy is on the road to recovery but there is no room for complacency. Demands for higher prices and incomes by various sections aggravate inflationary pressures. Such demands also lead to reduction of resources available for investment and growth. It is thus necessary both in the national interest as well as their own self interest for all sections of the community to exercise restraint in demanding higher incomes and prices.

The Sixth Plan has been formulated in record time, restoring a sense of dynamism to the development process. It provides for an acceleration of the various programmes and an outlay of Rs. 97,500 crores. The Plan seeks to reconcile the requirements of growth and stability, to strengthen the impulses of modernisation, to achieve self-reliance, to reduce inequality to generate employment and to progressively reduce poverty.

The programme content of the new Five Year Plan has been devised to adequately subserve these objectives. Apart from the necessary provisions in the public sector plan for infrastructure sectors like coal, energy, irrigation and transport, high priority has been given to agriculture and rural development. Additional irrigation potential of about 14 million hectares will be created during the plan period. Social forestry is being given due emphasis. Programmes for the proper growth of cottage, village and small industries have been adequately taken care of. Provision has been made for social services, keeping in view the needs of women and of the socially depressed and economically backward classes. It has also been ensured that the tempo of programmes relating to education, health and family planning is effectively augmented. The programme for safe drinking water in rural areas will be accelerated.

Conscious of its commitment to equity based growth, central assistance is being provided for the first time to the special plan for scheduled castes. The quantum of assistance for the tribal sub-plans has also been increased. Programmes of direct productive benefit to the poor, which involve the transfer of assets, provision of inputs, credit, training and services, and the generation of wage employment through the National Rural Employment Programme are being undertaken.

The world energy cisis highlights the need for greater self-reliance on internal sources. A massive programme of oil exploration has been embarked upon which will cover both on-shore and off-shore areas. Exploitation of other traditional sources such as coal and nuclear energy will also be accelerated.

To increase the availability of renewable and other new sources of energy like solar, tidal and wind, the Government have decided to constitute a Commission for new and renewable energy sources. Government are also initiating measures for evolving a long-term energy policy to eliminate waste, to regulate energy consumption, to diversify sources of energy and expedite exploration of oil and other energy sources Government will also take steps to economise on oil consumption.

Government are aware that optimum utilisation of our sea resources is important for our future economic development. Since a multi-discipli-

nary approach is required to exploit the vast resources of the ocean, appropriate institutional arrangements are being worked out.

In Science and Technology, the country reached an important milestone in the peaceful uses of outer space with the successful launching of SLV-3 in July last from Sriharikota. A 35 Kg. Rohini satellite was put into orbit. Another major step will be the launching of the Indian National Satellite (INSAT) early in 1982. Steps to get the ground systems ready for the use of this operational satellite are well under way. The Space Profile for the decade 1980—90 has been approved.

Government are fully committed to the preservation of the environment. A Department of Environment has already been created. The protection of forests against indiscriminate exploitation is sought to be achieved by making full use of the recently enacted legislation.

In order to link the outlying areas to the trunk routes of Indian Airlines, Government has set up "Vayudoot" to operate feeder air services. This Company will initially operate in West Bengal and the North Eastern states and territories. It began operations on 26th January, 1981.

The year 1981 is the International Year of Disabled Persons. Government have drawn up a plan of action for its observance. This will lead to better awarness of the problems of the handictpped and also help them to make useful contribution to society. It is proposed to expand services for the physically handicapped and to take measures for their treatment, education, training, rehabilitation and placement.

Economic growth and social development can flourish only in an orderly environment. The situation had deteriorated considerably because of communal disharmony, caste conflicts, extremists activities, atrocities on scheduled castes and scheduled tribes, minorities and other weaker sections of society and a general tendency on the part of various interested parties to engineer agitations on different issues. Secessionist activities and regional movements have also aggravated the situation in some parts of the country. All these have resulted in hardship to the people and monetary loss to the nation.

Several administrative and legal steps were, therefore, taken by Government during the last year to control lawless ness and to maintain peace all over the country. The National Integration Council has been reactivated. In the recent past, improvement in the law and order situation has been noticed. It is hoped that with the co-operation of citizens from all walks of life and of all political parties the situation will steadily improve.

The Government have exercised the utmost forbearance and made earnest efforts at various levels to find an early solution to the problem of 'foreigners' in Assam. Several rounds of discussions have been held with the reperesentatives of the agitating Organisations, minorities, tribals and leaders of political parties, both at the national and state leves. It is a matter of great regret that despite its conciliatory and constructive approach the agitation has not been called off. The Government will, however continue their efforts to find a solution acceptable to all concerned.

Hon'ble Members, I now come to our relations with other countries. As we enter the eighties, we apprehened increased threats to the process of detente between the big powers. Events in Afghanistan, West Asia and growing military activities in the Indian Ocean involving the big powers have seriously affected our security environment Government are determined to continue their endeavour to strengthen the forces of tolerance and understanding. India's commit-

ment to peace, apart from being deep-rooted in its ethos and traditions, arises from a perception that reason rather than military force, fair play rather than economic manipulation should be the fundamentals on which the international system should be built. Consistent with this ethos Government will continue to work for the defusing of tensions and the creation of conditions in which mankind can prosper and live in peace.

We were happy to host the recent meeting of the Non-aligned Foreign Ministers in New Delhi. The relevance of the policy of non-alignment was reaffirmed and the unity and solidarity of the Movement to which we are deeply committed was consolidated at the meeting. The conclusions reached as well as the New Delhi Appeal issued by the Special Session commemorating the 20th annniversary of the first Summit, demonstrated the continuing determination of the non-aligned Countries to make a positive contribution to world peace and progress. The Conference reitrated not only certain basic principles which should govern relations between States but its opposition to any form of outside interference in the internal affairs of any country. We were happy that in the final declaration of the Conference the demand for the establishment of a Zone of Peace in the Indian Ocean was reiterated. Thereby the demand of the littoral states made almost ten years ago was endorsed.

The continuing conflict between Iran and Iraq, two countries with which we have the friendliest of relations has been causing concern. We have participated in, and supported all processes which can culminate in a solution honourable to both countries. Gevernment intend to pursue these efforts in the larger causes of peace and non-alignment.

The exchange of visits at the highest level with the Soviet Union has further strengthened our time-tested friendship. Our relations with other East European countries have also grown in volume and variety. The evolving pattern of these relations confirms our conviction in the principles of peaceful co-existence. This reinforces our belief that international peace and stability can be natured by countries with differing socio-political systems and ideologies co-operating with one another.

With the USA, we share common value and ideals. It will be our endeavour to strengthen the existing multi-faceted relationship between the two countries. We are heartened at the emergence of a new mutuality of interests with countries of Western Europe, with whom we expect to expand our relations in all spheres.

The Government and people of India were happly to welcome in their midst, last September, the Commonwealth heads of State and government belonging to the Asian and Pacific Region. We had meaningful discussions with them on issues of importance to us all.

Consistent with the imperatives of history and geography our relations with our neighbours have continued to develop in a spirit of mutual trust, advantage and good neighbourliness Government are determined to further develop and consolidate these relations on the basis of equality, reciprocity and mutual benefit so that the peoples of this sub-continent can live in peace and harmony.

From our side, we have made it amply clear that we are determined to expand and strengthen the process of normalisation of relations with Pakistan set in motion by the Simla Agreement. It is our earnest hope that our neigbour will also exert the political will to pursue this path and continue the healthy trend towards settling differences bilaterally and

in a spirit of mutual accommodation and reciprocity.

Our willingness to further normalise our relations with China and to discuss all outstanding problems has been made clear repeatedly. We hope that the Chinese will demonstrate their willingness to reciprocate.

The visit of Mr. Yasser Arafat and India's granting of full diplomatic status to the PLO mission in New Delhi was in continuance of our support to the just struggle of the people of Palestine for the attainment of their inalienable rights.

The conferment of the 1979 Jawaharlal Nehru Award for International Understanding to the hero of the freedom struggle of South Africa. Nelson Mandela, was symbolic of Indias commitment to the cause of the people of South Africa. We rejoiced in the independence of the people of Zimbabwe; we remain steadfast in our support to the cause of the freedom of Namibia. Our relations with other African countries remain close and friendlly.

The recent visit of the President of Mexico has added a new dimension to our relations with Latin America. It is our endeavour to build further bridges of understanding and co-operation with the people of Latin and South America.

The international economic situation has further deteriorated. The discussions relating to the Second United Nations Development Decade came to naught and the prospects for bringing about a new international economic order do not appear bright. The developing countries are in a serious predicament in regard to the availability of resources and technologies. It is only by co-operation and mutual give and take that a better future for all can be ensured.

Hon'ble Members, from what I have outlined, it is clear that the country is over the hump economically and socially. The damage caused to the national economy has been repaired to a large extent, agriculture is expected to reach record levels of production, and the law and order position is better. With unity of effort there are immense possibilities of sustained progress to build a just social and economic order. In a country as large and diverse as ours, there will always be differences of approach. To optimise national endeavour it is necessay to strive for identity of purpose, to harmonise differing points of view in a spirit of accommodation and not to fritter away our energies in fruitless controversies and conflicts.

In the present session besides dealing with the pending business, a large number of fresh legislative measures will come up for your consideration. Among these are the Export-Imports Bank Bill, 1981 and the Constitution Amendment Bill, 1981 for redefining the expression "tax on sale and purchase of goods" in the Constitution.

May I urge all sections of the House to approach the urgent and onerous tasks facing the nation in a spirit of co-operation while keeping in mind the need to serve the interests of our people. I wish you all success in your efforts.

JAI HIND

[*Text of the President's Address in Hindi*].

माननीय सदस्यगण,

संसद् के 1981 के इस पहले सत्र में आप का स्वागत करते हुए मुझे बडी प्रसन्नता हो रही है । आप के सामने काफी लम्बी-चौड़ी और महत्वपूर्ण कार्यसूची है । मैं आपके बजट तथा विधायी कार्यक्रम के सफलतापूर्वक पूरा होने की शुभ कामना करता हूं ।

तेरह महीने पूर्व सरकार ने सत्ता संभाली। तब से वह तीन वर्षों की निष्क्रियता और दिशाहीनता के कारण बिगड़ी हुई देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए तेजी और मजबूती से आगे बढ़ रही है। स्फीति-निवारक नीतियों को जोरदार तरीके से अपनाया गया। अधिक उत्पादन द्वारा देश की आपूर्तियों में वृद्धि, क्षमता का बेहतर उपयोग, बुनियादी संरचना का बेहतर तरीके से काम करना, आवश्यक वस्तुओं का आयात और देश की आपूर्तियों में बाधा डालने वाली समाज-विरोधी गतिविधियों को रोकना—इन नीतियों का प्रमुख मुद्दा रहा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो। मुद्रा और ऋण संबंधी चयनात्मक नीति से मुद्रा-विस्तार को नियंत्रित किया गया। इस के परिणामस्वरूप मुद्रा-स्फीति की दर में महत्वपूर्ण कमी आई है। जो कि 23 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गई है।

1979-80 के अभूतपूर्व सूखे से बड़ी कठिन स्थिति पैदा हो गई। इसके अनर्थकारी परिणामों को रोकने के लिए केन्द्र और राज्यों की सरकारों ने बहुत बड़े पैमाने पर राहत कार्य किये, जिनमें खाद्यानों की सप्लाई पीने के पानी की व्यवस्था और "काम के बदले अनाज" कार्यक्रम को जोरदार ढग से अमल में लाना शामिल है। इस बात का श्रेय सभी को है कि ऐसा विराट कार्य सफलतापूर्वक उत्पन्न हो सका।

1979-80 में खाद्यान्नों के उत्पादन में 2 करोड़ 30 लाख टन की कमी आई। गन्ने और तिलहनों के उत्पादन में भी गिरावट आई। इस सरकार ने 1980-81 में कृषि उत्पादन कार्यक्रमों की ओर ज्यादा ध्यान दिया। उर्वरकों, कीटनाशी औषधियों और सुधरी किस्म के बीजों को उपलब्ध कराया गया। सिंचाई की सुविधाओं में वृद्धि की गई। ये उपाय कपास, जूट और गन्ने जैसी खरीफ फसलों के उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि करने में सहायक हुए। इस खरीफ में खाद्यान्नों का लगभग 7 करोड़ 95 लाख टन का उत्पादन अब तक का रिकार्ड है। गेहूं की मौजूदा फसल से अच्छी उपज मिलने की संभावना है।

अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में भी पुनरूद्धार के स्पष्ट चिह्न दिखाई पड़ने लगे हैं। औद्योगिक गतिविधि ने जो उन्नति जून-जुलाई 1980 में करनी शुरू की थी उसने वित्तीय वर्ष के उत्तरार्ध में अच्छी रफ्तार पकड़ ली। जून 1979 के मुकाबले में जून 1980 में उत्पादन में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन जनवरी 1980 के मुकाबले में जनवरी 1981 में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। प्रमुख वस्तुओं के उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि परिलक्षित हुई है। बिजली के उत्पादन में 6 प्रतिशत वृद्धि हो जाने की आशा है। कोयले का उत्पादन पिछले वर्ष इसी अवधि के स्तर से पहले ही 8 प्रतिशत अधिक है। रेलों की कार्यचालन दक्षता का स्तर इस समय ज्यादा ऊंचा है और वे आवश्यक वस्तुओं के लाने ले जाने के काम को ज्यादा तेजी से कर रही हैं। उम्मीद है कि 1980–81 के दौरान राष्ट्रीय आय में लगभग 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

हमारी अर्थव्यवस्था को बाहरी मुद्रा-स्फीति-दबावों से पृथक रखना संभव नहीं है। भुगतान शेष की स्थिति चिन्ता का विषय बनी हुई है। तेल के मूल्यों में 1979 से तेजी के साथ हुई वृद्धि का पूरा असर अब 1980–81 में ही महसूस हुआ है। इस की वजह से और देश के आवश्यक आयातों को प्रभावित करने वाली अन्य मूल्य-वृद्धियों की वजह से, 1978–79 में हुए 6800 करोड़ रुपए के कुल आयात 1979–80 में तेजी के साथ बढ़ कर 8500 करोड़ रुपए के हो गये और 1980-81 में वे 11000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा

के होंगे। इस तरह 1980–81 में व्यापार-घाटे में काफी वृद्धि होने की आशंका है ।

सरकार निर्यातों में वृद्धि करने और आयात की जाने वाली वस्तुओं को प्रतिस्थापित करने के लिए यथासंभव कदम उठा रही है । निर्यातों के लिए उत्पादन में वृद्धि के लिए किए जा रहे उपायों में क्षमता से अधिक निर्यात उत्पादन की अनुमति देना, इस प्रकार के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी के आयात के प्रति अनुकूल रुख अपनाना और शत-प्रतिशत निर्यातलक्षी यूनिटों को प्रोत्साहन देना शामिल है । सरकार ने निर्यातों के लिए ऋण उपलब्ध होने की स्थिति में सुधार करने के लिए एक निर्यात और आयात बैंक स्थापित करने का निर्णय लिया है ।

औद्योगिक निवेश और वृद्धि के लिए वातावरण सुधरा है। लघु और सहायक उद्योगों के लिए निवेश की सीमा को बढ़ाया गया है, स्वतः वृद्धि की सुविधा अधिक उद्योगों को प्रदान की गई है, और लाइसेंस और मंजूरी की कार्यविधियां को सरल और कारगर बना दिया गया है । इस दिशा में जो अन्य कदम उठाए गए हैं उन में उत्पादन को और रोजगार के अवसरों को अधिकतम करना, क्षेत्रीय असंतुलनों को ठीक करना, कृषि आधारित उद्योगों को मजबूत करना और निर्यातलक्षी तथा आयात-प्रतिस्थापक उद्योगों का ज्यादा तेजी से विकास करना शामिल हैं । पिछड़े इलाकों के विकास की एक नई नीति भी तैयार की गई है ।

छह और बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया और बैंकिंग क्षेत्र से यह अपेक्षा की गई कि वह खास तौर से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए चलाए गए 20 सूत्री कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए सक्रिय रूप से वित्तीय सहायता प्रदान करे ।

सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध है । खाद्यान्नों, गन्ने, दालों, कपास, तिलहनों तथा अन्य वस्तुओं की किमतों में वृद्धि की गई है । फसल कटने के बाद अधिप्राप्ति व्यवस्था द्वारा विपणन सहायता सुनिश्चित की गई।

पिछली सरकार की कंट्रोल हटा लेने की नीतियों से गन्ने और चीनी के उत्पादन में भारी गिरावट आई । इसमें सुधार लाने के लिए सरकार ने किसानों को मिलने वाली गन्ने की कीमतों में वृद्धि की, नए कारखानों और विस्तार परियोजनाओं को प्रोत्साहन दिया, कमजोर कारखानों की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए मूल्य-निर्धारण फार्मूले को युक्तिसंगत बनाया और एक विकास निधि की स्थापना की । विभिन्न उपायों के फलस्वरूप 1980-81 वर्ष में चीनी के उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है ।

तिलहनों के उत्पादन में यथेष्ट वृद्धि न होना चिन्ता का प्रमुख विषय रहा है। देश के लगभग 100 चुने हुए जिलों में तिलहनों के उत्पादन को गहन करने के अलावा 1981-82 के दौरान सोयाबिन और मूंगफली के विकास से संबंधित दो विशिष्ट परियोजनाओं को कार्यान्वियन के लिए स्वीकृति दी गई है । चुनी हुई सिंचाई परियोजनाओं के आयाकट में ग्रीष्मकाल-सिंचित मूंगफली की खेती का विस्तार करने के लिए भी एक बृहत प्रयास किया जा रहा है । तिलहनों के उत्पादन को सुधारने के लिए विभिन्न अन्य उपाय भी किए जाएंगे ।

अर्थव्यवस्था पुनरूद्धार के पथ पर अग्रसर है लेकिन हमें संतुष्ट होकर नहीं बैठ जाना चाहिए । विभिन्न वर्गों द्वारा ऊंचे मूल्यों और आयों की मांगों की वजह से मुद्रास्फीति के दबाव बढ़ने लगते हैं ।

ऐसी मांगों से निवेश और वृद्धि के लिए उपलब्ध साधनों में भी कमी आने लगती है। इन परिस्थितियों में, यह राष्ट्र के तथा समाज सभी वर्गों के हित में होगा कि वे अधिक ऊंची आयों और कीमतों की मांग करते समय संयम से काम लें।

छठी योजना रिकार्ड समय में बनकर तैयार हो गई है। इससे विकास प्रक्रिया में गतिशीलता आई है। इस योजना में 97,500 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न कार्यक्रमों की गति को तेज करने का प्रावधान किया गया है। योजना में वृद्धि और स्थायित्व में सामंजस्य स्थापित करने, आधुनिकीकरण की प्रवृत्तियों को सुदढ़ करने, आत्म-निर्भरता प्राप्त करने, असमानता कम करने, रोजगार पैदा करने और गरीबी को उत्तरोत्तर कम करने की कोशिश की गई है।

नई पंचवर्षीय योजना के कार्यक्रमों को इस प्रकार बनाया गया है कि वे इन लक्ष्यों की प्राप्ति में यथेष्ट रुप से सहायक हो सकें। सार्वजनिक क्षेत्र में, कोयला, ऊर्जा, सिंचाई और परिवहन जैसे बुनियादी संरचना वाले क्षेत्रों के लिए आवश्यक प्रावधान करने के अलावा कृषि और ग्रामीण विकास को उच्च प्राथमिकता दी गई है। योजना की अवधि के दौरान लगभग 1 करोड़ 40 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता जुटाई जाएगी। सामुदायिक वन-रोपण पर उचित बल दिया जा रहा है। कुटीर ग्रामीण और लघु उद्योगों के उचित विकास के लिए कार्यक्रमों पर काफी ध्यान दिया गया है। महिलाओं तथा सामाजिक रूप से दलित और आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गो की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, सामाजिक सेवाओं की व्यवस्था की गई है। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि शिक्षा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन से संबंधित कार्यक्रमों की रफ्तार को कारगर तरीके से बढ़ाया जाए। देहाती इलाकों में स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के कार्यक्रम में तेजी लाई जाएगी।

समदृष्टि पर आधारित विकास के लिए अपनी वचनबद्धता का ध्यान रखते हुए केन्द्रीय सरकार अनुसूचित जातियों के लिए विशेष योजना को पहली बार सहायता प्रदान कर रही है। आदिवासी उप-योजनाओं के लिए भी सहायता की मात्रा बढ़ा दी गई है। गरीब लोगों को प्रत्यक्ष उत्पादक लाभ प्रदान करने वाले कार्य-क्रमों को शुरू किया जा रहा है जिनमें परिसम्पतियों का हस्तांतरण, निविष्टियों ऋण, प्रशिक्षण और सेवाओं का प्रावधान और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के जरिये मजदूरी वाले रोजगार पैदा करना शामिल है।

विश्व के ऊर्जा संकट को देखते हुए अपने देश के ही स्रोतों पर अधिक आत्म-निर्भर रहने की जरूरत बहुत बढ़ गई है। तेल की खोज के लिए एक जोरदार कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसमें तटवर्ती और अप-तटवर्ती, दोनों ही इलाके शामिल होंगे। कोयला और परमाणु ऊर्जा जैसे अन्य परम्परागत स्रोतों का दोहन करने में भी तेजी लाई जाएगी।

नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत्तों तथा सूर्य, ज्वार-भाटा और पवन जैसे अन्य नए ऊर्जा स्रोत्तों को अधिक मात्रा में उपलब्ध कराने के लिए, सरकार ने नए और नवीनकरणीय ऊर्जा स्रोत्तों के लिए एक आयोग गठित करने का निर्णय लिया है। सरकार एक दीर्घकालिक ऊर्जा नीति तयार करने के लिए भी कदम उठा रही है जिससे अपव्यय समाप्त हो, ऊर्जा की खपत नियंत्रित हो, ऊर्जा के विविध स्रोत प्राप्त हों और तेल तथा अन्य ऊर्जा स्रोतों के अन्वेषण के कार्य में तेजी आए। सरकार

तेल की खपत में किफायत करने के उपाय भी करेंगी ।

भविष्य में हमारे आर्थिक विकास के लिए समुद्री साधनों के इष्टतम उपयोग के महत्व के प्रति सरकार सचेत है । महासागर के विशाल साधनों का दोहन करने के लिए बहुमुखी प्रयास अपेक्षित है, इसलिए उपयुक्त संस्थान संबंधी व्यवस्थाओं का आकलन किया जा रहा है ।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी में, गत वर्ष जुलाई में श्रीहरिकोटा से एस. एल. वी.-3 को सफलतापूर्वक छोड़कर देश ने बाह्य अंतरिक्ष के शान्तिपूर्ण उद्योगों की दशा में एक महत्वपूर्ण मंजिल तय की। 35 किलोग्राम का रोहिणी उपग्रह पृथ्वी की कक्ष में छोड़ा गया । 1982 के प्रारंभ में भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह का अंतरिक्ष में छोड़ा जाना एक और महत्वपूर्ण कदम होगा । इस प्रचालन उपग्रह के उपयोग के लिए भूमि पर यंत्र-तंत्र व्यवस्था को तैयार रखने के लिए बखूबी प्रबंध किए जा रहे हैं । 1980-90 के लिए अंतरिक्ष-रूपरेखा को स्वीकृति दे दी गई है ।

सरकार पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पूर्णतया वचनबद्ध है । एक पर्यावरण विभाग बना दिया गया है । हाल ही में पारित एक अधिनियम का पूरा उपयोग करके, अंधाधुंध कटाई आदि से वनों की रक्षा करने की कोशिश की जा रही है ।

देश के सीमांत क्षेत्रों को इंडियन एयर-लाइन्स के प्रमुख मार्गों से जोड़ने के लिए सरकार ने फीडर विमान सेवाएं चलाने के लिए "वायुदूत" की स्थापना की है । यह कम्पनी प्रारम्भ में पश्चिम बंगाल तथा उत्तरपूर्वी राज्यों और राज्य क्षेत्रों में विमान सेवाएं चलायेगी । उस ने 26 जनवरी, 1981 से ये सेवाएं चलानी शुरू कर दीं ।

1981 का वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष है । सरकार ने इसे मनाने के लिए कार्यक्रम की योजना तैयार कर ली है । इस से विकलांगों की समस्याओं के प्रति अधिक जागरूकता पैदा होगी और समाज के लिए अधिक उपयोगी बनने में उन्हें सहायता मिलेगी । यह भी सोचा जा रहा है कि शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए सेवाओं का विस्तार किया जाए और उनकी चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण, पुनर्वास और रोजगार के लिए उपाय किए जाएं ।

सुव्यवस्थित वातावरण में ही आर्थिक वृद्धि और सामाजिक विकास संभव है । सांप्रदायिक वमनस्य, जात-पात के झगड़ों, उग्रपंथियों की गतिविधियों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों, अल्प-संख्यकों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों पर अत्याचारों और विभिन्न निहित स्वार्थों वाले दलों द्वारा भिन्न-भिन्न मुद्दों को ले कर आन्दोलन छेड़ने की सामान्य प्रवृत्ति की वजह से स्थिति काफी बिगड़ गई थी। पृथकतावादी गतिविधियों और क्षेत्रीय आन्दोलनों ने भी देश के कुछ भागों में स्थिति को बहुत बिगाड़ दिया है । इन सब की वजह से लोगों को परेशानी हुई है और देश को आर्थिक नुकसान हुआ है ।

इसलिए पिछले वर्ष के दौरान समस्त देश में अराजकता पर काबू पाने और शान्ति स्थापित करने के लिए सरकार ने कई प्रशासनिक और कानूनी कदम उठाए। राष्ट्रीय एकता परिषद् को पुन: सक्रिय कर दिया गया है । हाल में कुछ समय से कानून और व्यवस्था की स्थिति में

सुधार दिखाई देने लगा है । उम्मीद है कि जीवन के सभी क्षेत्रों के नागरिकों और सभी राजनीतिक दलों के सहयोग से स्थिति में निरन्तर सुधार होगा ।

असम में "विदेशियों" की समस्या का शीघ्र हल खोजने के लिए सरकार ने अत्यंत सहनशीलता से काम लिया है और विभिन्न स्तरों पर गंभीर प्रयास किए है । आन्दोलनकारी संगठनों, अल्पसंख्यकों तथा आदिवासियों के प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ, अखिल भारतीय स्तर और राज्य स्तर पर कई बार विचार-विमर्श किया गया है । बड़े खेद की बात है कि सरकार के समझौताकारी और रचनात्मक प्रयासों के बावजूद आन्दोलन को समाप्त नहीं किया गया है । बहरहाल सरकार ऐसा हल खोजने की कोशिश करती रहेगी जो सभी संबंधित पक्षों को मान्य हो ।

माननीय सदस्यगण, मैं अब दूसरे देशों के साथ अपने देश के संबंधों की चर्चा करूंगा । अस्सी के दशक में प्रवेश करते हुए हम आशंकित हैं कि बड़ी ताकतों के बीच तनाव कम होने के बजाय बढ़ रहे हैं । अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया में हुई घटनाओ और हिन्द महासागर में बड़ी ताकतों की बढ़ती हुई सैनिक गतिविधियों ने हमारे सुरक्षा पर्यावरण पर गंभीर असर डाला है । सरकार सहनशीलता और सौहार्द की शक्तियों को सुदृढ़ करने की कोशिशें जारी रखने के लिए कृतसंकल्प है । शान्ति मे भारत की आस्था उसके लोकाचार और परम्पराओं में मूलबद्ध होने के अलावा, इस प्रत्यक्ष ज्ञान पर आधारित है कि जिन मूल तत्वों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली का निर्माण हो, वे सैन्य बल के बजाय तर्क से, और आर्थिक जोड़-तोड़ के बजाय निष्पक्ष व्यवहार से प्रेरित हों । इस लोकाचार के अनुरूप सरकार तनावों को ढीला करने और ऐसे हालात पैदा करने के लिए कार्य करती रहेगी जिनमें इन्सान शान्ति और खुशहाली से रह सके ।

हाल में नई दिल्ली में गुट-निरपेक्ष देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक का आयोजन करके हमको खुशी हुई । बैठक में गुट-निरपेक्षता की नीति की सार्थकता की पुन: पुष्टि की गई, तथा इस आन्दोलन की एकता और अखंडता को, जिसमें हमारी गहरी आस्था है, मजबूत किया गया । इस बैठक के निष्कर्षों से तथा प्रथम शिखर सम्मेलन की 20वीं जयन्ती के रूप में आयोजित विशेष अधिवेशन में जारी की गई नई दिल्ली अपील से यह साबित हुआ कि गुट-निरपेक्ष देश विश्व की शान्ति और प्रगति में सकरात्मक योगदान करने के लिए सदैव कृतसंकल्प है । इस सम्मेलन में न केवल उन कतिपय बुनियादी सिद्धान्तों को दोहराया गया जो देश के बीच संबंधों पर लागू होने चाहिए बल्कि उसने पुन: इस बात पर जोर दिया कि वह किसी भी देश के आन्तरिक मामलों में किसी भी प्रकार के बाहरी हस्तक्षेप के खिलाफ हैं । हमें इस पर खुशी हुई कि सम्मेलन की अंतिम घोषणा में हिन्द महासागर में शान्ति का क्षेत्र स्थापित करने की मांग को दोहराया गया जिससे कि सागर-तटवर्ती देशों द्वारा लगभग दस वर्ष पहले की गई मांग का समर्थन हुआ ।

ईरान और ईराक के साथ हमारे देश के संबंध अत्यंत मैत्रीपूर्ण हैं । उन दोनों के बीच चल रहा सघंष हमारे लिए चिन्ता का विषय बना हुआ है । हमने ऐसी सभी प्रक्रियाओं में भाग लिया है और उनका समर्थन किया है जो दोनों देशों के लिए सम्मानजनक हल हासिल करा सकती है ।

शान्ति और गुट-निरपेक्षता के महान् लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सरकार का इन कोशिशों को जारी रखने का इरादा है।

सोवियत संघ के साथ उच्चतम स्तर पर यात्राओं के आदान-प्रदान से हमारी चिर-परीक्षित मैत्री और भी मजबूत हुई है। अन्य पूर्व यूरोपीय देशों के साथ भी हमारे संबंधों की मात्रा और विविधता में वृद्धि हुई है। इन संबंधों का जो स्वरूप उभर रहा है उससे शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धान्तों में हमारे विश्वास की पुष्टि होती है। इससे हमारे इस विश्वास को बल मिलता है कि भिन्न-भिन्न सामाजिक-राजनीतिक प्रणालियों और विचारधाराओं वाले देश भी यदि परस्पर सहयोग करें तो वे अंतर्राष्ट्रीय शान्ति और स्थायित्व ला सकते हैं।

संयुक्त राज्य अमरीका और हमारा देश समान मूल्यों और आदर्शों में विश्वास करते हैं। हमारी यह कोशिश होगी कि हम दोनों देशों के बीच मौजूदा बहुमुखी मैत्री मजबूत हो। पश्चिम यूरोप के देशों के साथ हितों की नई पारस्परिकता उत्पन्न होने से हम प्रसन्न है और हमें उम्मीद है कि सभी क्षेत्रों मे हमारे संबंधों में विस्तार होगा।

गत वर्ष सितम्बर में एशियाई और प्रशान्त महासागरीय राष्ट्रमंडल देशों के शासनाध्यक्षों का स्वागत करते हुए भारत की सरकार और उसकी जनता को बड़ी खुशी हुई। हमने उनके साथ उन मुद्दों पर सार्थक विचार-विमर्श किया जो हम सभी के लिए महत्व के है।

ऐतिहासिक और भौगोलिक अनिवार्यताओं के अनुरूप अपने पड़ोसी देशों के साथ हमारे संबंध पारस्परिक विश्वास लाभ तथा एक दूसरे के प्रति अच्छे पड़ोसियों की भावना से विकसित होते रहे है। सरकार कृतसंकल्प है कि इन संबंधों को समानता अनुदान प्रदान और आपसी लाभ के आधार पर आगे भी विकसित और मजबूत किया जाए ताकि इस उप-महाद्वीप के लोग शान्ति और मेलमिलाप से रह सकें।

हमने अपनी तरफ से यह बात काफी साफ कर दी है कि हम पाकिस्तान के साथ सम्बन्धों को सामान्य बनाने की उस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने और मजबूत करने के लिए कृतसंकल्प हैं जो शिमला समझौते के साथ शुरू हुई थी। हमें इसकी पूरी आशा है कि हमारा पड़ोसी देश भी इस मार्ग का अनुसरण करने की राजनीतिक इच्छा जाहिर करेगा तथा आपसी समझ-बूझ और आदान-प्रदान की भावना और द्विपक्षीय रूप से मतभेदों को सुलझाने की स्वस्थ प्रवृत्ति को जारी रखेगा।

यह बात बार-बार साफ की गई है कि हम चीन के साथ अपने संबंधों को और सामान्य बनाने तथा सभी अवशिष्ट समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के इच्छुक हैं। हम आशा करते हैं कि चीन यह साबित करेगा कि वह भी ऐसा करने का इच्छुक है।

हमने फिलिस्तीन के लोगों के अनपहार्य अधिकारों की प्राप्ति के लिए उनके न्यायोचित संघर्ष का हमेशा समर्थन किया है। श्री यासर अराफात की भारत यात्रा और नई दिल्ली स्थित फिलिस्तीन मुक्ति संगठन (पी० एल० ओ०) के मिशन को भारत द्वारा पूर्ण राजनयिक दर्जा दिया जाना उसी समर्थन की कड़ी है।

दक्षिण अफ्रीका के स्वाधीनता संग्राम के सेनानी श्री नेल्सन मंडेला को अन्तर्राष्ट्रीय सौहार्द के लिए 1979 के जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार से विभूषित करना इस बात का द्योतक है कि दक्षिण अफ्रीकी जनता के आन्दोलन में भारत की गहरी आस्था है। जिम्बाब्वे के लोगों को आजादी मिलने से

हमें बड़ी खुशी हुई। नामीबिया के स्वतन्त्रता आन्दोलन का हम सदैव समर्थन करते रहेंगे। अन्य अफ्रीकी देशों के साथ हमारे सम्बन्ध घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण हैं।

मेक्सिको के राष्ट्रपति की हाल की यात्रा से लेटिन अमरीका के साथ हमारे सम्बन्धों में एक नया आयाम जुड़ा है। हमारी यह कोशिश है कि लेटिन और दक्षिणी अमरीका के लोगों के हाथ हम सहार्द और सहयोग के सम्बन्ध बढ़ाते रहें।

अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक स्थिति और भी ज्यादा बिगड़ गई है। द्वितीय संयुक्त राष्ट्र विकास दशक से सम्बन्धित विचार-विमर्श विफल रहे और एक नई अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था स्थापित करने का भविष्य उज्ज्वल नजर नहीं आता। साधनों और तकनीकों की उपलभ्यता के मामले में विकासशील देश भारी दुर्दशा से ग्रस्त हैं। सहयोग और पारस्परिक आदान-प्रदान द्वारा ही सबके लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।

माननीय सदस्यगण, मैंने जो रूपरेखा प्रस्तुत की है उससे यह स्पष्ट है कि देश आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में कठिनतम दौर को पार कर चुका है। बिगड़ी हुई राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को काफी हद तक सुधारा जा चुका है, कृषि उत्पादन के रिकार्ड स्तर तक पहुंचने की आशा है तथा कानून और व्यवस्था की स्थिति बेहतर है। प्रयास में एकता हो तो न्यायपूर्ण सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था के निर्माण की ओर निरन्तर प्रगति करते रहने की विराट संभावनाएं है। हमारे जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में दृष्टिकोणों में अन्तर तो हमेशा रहेगा। राष्ट्रव्यापी प्रयास के इष्टतम परिणाम प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि हम उद्देश्य की अभिन्नता के लिए प्रयत्नशील रहें, भिन्न-भिन्न दृष्टिकोणों के बीच आदान-प्रदान की भावना से सामंजस्य स्थापित करें और अपनी शक्ति को व्यर्थ के वाद-विवादों में नष्ट न करें।

वर्तमान सत्र में, बकाया कार्य निबटाने के साथ-साथ आपको अनेक नए विधायी कार्यों पर भी विचार करना होगा। इनमें एक तो है निर्यात-आयात बैंक विधेयक, 1981 और दूसरा है संविधान संशोधन विधेयक, 1981 जिसका प्रयोजन संविधान में "वस्तुओं के क्रय और विक्रय पर कर" को पुनः परिभाषित करना है

सदन के सभी वर्गों से मेरा अनुरोध है कि जनता के हितों की पूर्ति की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, वे देश के सामने जो बहुत जरूरी और दायित्वपूर्ण काम हैं, उनमें सहयोग की भावना से जुट जाएं। मेरी कामना है कि आपके प्रयास सफल हों।

जय हिन्द!

---

## OBITUARY REFERENCES

MR. CHAIRMAN: I refer with profound sorrow to the passing away of Shri Arjun Arora, an ex-Member, Shri Chadalavada Venkatarao, a sitting Member and Shri M. C. Chagla, an ex-Member of this House.

Shri Arjun Arora was born at Kanpur in 1912 and got his education there. He took part in the freedom struggle at a very young age and suffered imprisonment ten times. He was just 14 years old when he was imprisoned for the first time for participation in the National Movement. A prominent trade unionist and a veteran labour leader, Shri Arora was closely associated with several organisations connected with the welfare